श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 82, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | बुधवार, 28 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# भारत–अमेरिका में हुई ऐतिहासिक BECA डील, कई और समझौतों पर हस्ताक्षर



**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारत और अमेरिका के बीच नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में तीसरी 2+2 मंत्री स्तरीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (BECA) समेत कई अहम समझौते हुए। इसके अलावा परमाणु सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देशों के बीच सहमति बनी। टू प्लस टू बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोंपियो व रक्षा मंत्री मार्क एस्पर अपने भारतीय समकक्षों एस. जयशंकर और राजनाथ सिंह के साथ अहम मुद्दों पर बातचीत की।

रक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव जीवेश नंदन ने भारत की ओर से इएउअ समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते से भारत को अमेरिकी क्रूज मिसाइलों व बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी तकनीक मिलने का रास्ता आसान हो जाएगा। साथ ही भारत अमेरिका से संवेदनशील सेटेलाइट डाटा भी ले सकेगा इससे दुश्मन देशों की हर गतिविधि पर करीब से नजर रखी जा सकेगी।

बैठक के बाद साझा बयान जारी कर भारत और अमेरिका ने अपनी सहयोग को बढ़ने का संकल्प लिया। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने कहा कि अमेरिका और भारत चीनी कम्युनिस्ट पार्टी समेत सभी तरह के खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। पिछले साल हमने साइबर मुद्दों पर अपने सहयोग का विस्तार किया है, हमारी नौसेनाओं ने हिंद महासागर में संयुक्त अभ्यास में मदद की है।

वहीं, राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें खुशी है कि हमने इएउअ (बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट) पूरा कर लिया है, जिससे सूचना साझाकरण में नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हुआ है। हम उद्योगों और सेवा क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी साझेदारी वर्तमान चुनौतियों के मद्देनजर और महत्वपूर्ण हो जाती है। हम दोनों नियम-आधारित आदेश और लोकतंत्र में विश्वास करते हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ऐसे समय में जब नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, भारत और अमेरिका की रक्षा और विदेश नीति में निकटता से काम करने की क्षमता है। क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों की बात करें तो हम एक वास्तविक अंतर बना सकते हैं। अमेरिकी रक्षा सचिव मार्क एस्पर ने कहा, 'हमने पिछले वर्ष के दौरान विशेष रूप से अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत किया है। हमारा सहयोग एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के सिद्धांतों की चुनौतियों को पूरा करता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नए कृषि कानून लागू करने का निर्देश देने से किया इन्कार



**नई दिल्ली, एएनआइ।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस जनहित याचिका में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया जिसमें सभी राज्यों को केंद्र सरकार के हालिया कृषि कानूनों को लागू करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

प्रधान न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'क्षमा कीजिए, हम याचिका में हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हैं।' हिंदू धर्म परिषद की ओर से दाखिल इस जनहित याचिका में मांग की गई है कि सभी राज्यों को कृषक उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) अधिनियम, 2020; मूल्य आश्वासन एवं कृषि सेवा पर किसान (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) समझौता अधिनियम, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 2020 लागू करने के निर्देश दिए जाएं।

हाल ही में कांग्रेस शासित राज्य पंजाब ने राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित करके केंद्र सरकार के उक्त तीनों कानूनों को खारिज कर दिया था। कांग्रेस शासित राज्य छत्तीसगढ़ और राजस्थान भी इसी तरह के प्रस्ताव पारित करने पर विचार कर रहे हैं।

दरअसल, देशभर में कई स्थानों पर विपक्षी दल और किसान संगठन इन कानूनों का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि नए कृषि कानून किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी नहीं देते। जबकि सरकार का कहना है कि नए कानूनों में एमएसपी को खत्म नहीं किया गया है।

## माफिया अतीक अहमद के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई
## 11 बैंक खातों में करीब एक करोड़ रुपये सीज

**प्रयागराज, जेएनएन।** माफिया अतीक अहमद पर शिकंजा कसते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने के 11 बैंक खातों को सीज करा दिया है। अलग-अलग बैंक खातों में करीब एक करोड़ रुपये जमा हैं। वहीं, चाका के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व माफिया दिलीप मिश्रा और उसके गुर्गों के बैंक खातों की भी जांच शुरू हो गई है। तफ्तीश के बाद पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत बैंक खातों को सीज करने की कार्रवाई करेगी। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में चकिया निवासी अतीक अहमद इस वक्त अहमदाबाद जेल में बंद है। उसके खिलाफ पुलिस व प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रही है। पहले गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत 11 मकानों को कुर्क किया। फिर अवैध तरीके से बनाए गए आवास, दफ्तर समेत दूसरे कई मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। अब बैंक खातों को भी गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज किया गया है। इस संबंध में कुछ दिन पहले जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया था। प्रयागराज कैंट पुलिस के मुताबिक अतीक के नाम पर बैंक ऑफ बड़ौदा खुल्दाबाद में एक, बैंक ऑफ बड़ौदा नई दिल्ली में एक, इंडियन बैंक लूकरगंज में चार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नई दिल्ली में एक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नूरुल्लाह रोड में एक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र बलरामपुर में दो और पंजाब नेशनल बैंक कचहरी शाखा कर्नलगंज में एक खाता है। सभी खातों को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

इंस्पेक्टर कैंट नीरज वालिया के अनुसार अतीक के सभी बैंक खातों में लगभग एक करोड़ रुपये जमा है। खातों को सीज किए जाने से अतीक के घरवाले भी जमा अथवा निकासी नहीं कर पाएंगे। अतीक का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ में भी एक खाता है, जिसे पहले ही सीज किया जा चुका है। इस बीच माफिया और औद्योगिक थाना क्षेत्र के लवायन कला गांव निवासी दिलीप मिश्रा व उसके गुर्गों के बैंक खातों की भी पड़ताल की जा रही है। पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप फिलहाल फतेहगढ़ जेल में बंद है। एसपी (यमुनापार) चक्रेश मिश्रा का कहना है कि आ?थक स्त्रोत और बैंक में जमा रकम का पता चलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने इंफेंट्री के साहसी जवानों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंफेंट्री डे के विशेष मौके पर जवानों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'सभी रैंक के हमारे साहसी जवानों को इंफेंट्री डे की शुभकामनाएं। देश की रक्षा में इंफेंट्री की भूमिका पर भारत को गर्व है। उनके साहस और बहादुरी से देश की जनता को प्रोत्साहन मिलता है।' इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने नेशनल वार मेमोरियल जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंफेंट्री डे के मौके पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत को देश की सुरक्षा में इंफेंट्री के योगदान पर गर्व है और उनकी बहादुरी लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'इंफेंट्री दिवस के विशेष अवसर पर मैं सभी रैंक के इंफेंट्री के साहसी जवानों को बधाई देता हूं। देश की सुरक्षा में हमारी इंफेंट्री का अहम योगदान है और पर देश को गर्व है। इनका साहस लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।' भारतीय सशस्त्र बलों का एक अहम अंग इंफेंट्री है। देश की सुरक्षा में इसका अहम योगदान है। इसके योगदानों और गौरवशाली इतिहास को याद करने के लिए हर साल 27 अक्टूबर को इंफेंट्री डे का आयोजन किया जाता है।

इंफेंट्री डे आजाद भारत की पहली सैन्य कार्रवाई की याद में मनाया जाता है। भारतीय सेना ने 27 अक्टूबर 1947 को कश्मीर में पाकिस्तानी सेना के पहले हमले को नाकाम करते हुए विजय प्राप्त की थी। इस लड़ाई में भारतीय सेना के सिख रेजीमेंट के पहली बटालियन ने अदम्य शौर्य एवं वीरता का परिचय दिया। पाकिस्तानी सेना के हमले के बाद कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत सरकार से मदद मांगी थी जिसके बाद भारतीय फौज कश्मीर की रक्षा के लिए वहां पहुंची।पाकिस्तानी सेना के हमले के बाद कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत सरकार से मदद मांगी थी जिसके बाद भारतीय फौज कश्मीर की रक्षा के लिए वहां पहुंची।

## गो कोरोना गों' कहने वाले केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले हुए कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली, एएनआइ।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले को भी कोरोना हो गया है। ट्विटर पर संक्रमित होने की खबर उन्होंने खुद शेयर की। बता दें कि 'गो कोरोना गो' का नारा' भी उन्होंने ही दिया था और बीते दिन उन्होंने पायल घोष को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (RPI) की सदस्यता दिलाई थी। कुछ दिन के लिए वह मंबुई के एक अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। बता दें कि मार्च महीने में कोरोना के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए काम कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एस



ग्रुप के साथ 'गो कोरोना गो' का नारा देकर कोरोना के भारत से भगाने का प्रयास किया था।

गौरतलब है कि कोरोना से आम जनता के साथ-साथ इस वक्त मुख्यमंत्री, मंत्री और कई अधिकारी भी संक्रमित हो चुके हैं। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कर्नाटक के मौजूदा और पूर्व मुख्यमंत्री भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अजीत पवार भी कोरोना से संक्रमित हो गए हैं, उन्हें मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अजीत पवार ने भी सोमवार को ट्वीट कर खुद के संक्रमित होने की जानकारी दी थी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, ह्यमेरा कोरोना टेस्ट पॉजिटिव है और मेरा स्वास्थ्य अच्छा है। एहतियात के तौर पर डॉक्टर की सलाह पर मुझे ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'

### उपमुख्यमंत्री अजीत पवार कोरोना संक्रमित

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए है। उन्हें मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अजीत पवार ने भी सोमवार को ट्वीट कर खुद के संक्रमित होने की जानकारी दी थी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा किमेरा कोरोना टेस्ट पॉजिटिव है और मेरा स्वास्थ्य अच्छा है। एहतियात के तौर पर डॉक्टर की सलाह पर मुझे ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस कोरोना पॉजिटिव

महाराष्ट्र विधानसभा में नेता विपक्ष और पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस शनिवार को कोरोना वायरस जांच में संक्रमित पाए गए थे। भाजपा नेता ने अपने ट्विटर अकाउंट पर यह जानकारी शेयर की थी। उन्होंने कहा कि मैं लॉकडाउन से ही प्रतिदिन काम कर रहा था, लेकिन लगता है कि भगवान अब चाहते हैं कि कुछ समय के लिए रुक जाउं और विश्राम करूं। मैं कोविड-19 से संक्रमित पाया गया हूं और आइसोलेशन में हूं।

## पाक में रह रहे 18 दहशतगर्दों को भारत ने किया आतंकी घोषित

### दाऊद और हाफिज सईद के करीबी हैं शामिल





**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान में रह रहे 18 आतंकियों को आधिकारिक रूप से गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (UAPA) की सूची में शामिल कर लिया है। इस तरह से इस सूची में घोषित कुल आतंकियों की संख्या 31 हो गई है। पिछले साल अगस्त में यूएपीए में संशोधन कर सरकार ने व्यक्ति को भी आतंकी सूची में डालने का प्रावधान किया था। इसके पहले सिर्फ संगठनों को आतंकी सूची में रखा जाता था। गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर जिन 18 दहशतगर्दों को सूची में शामिल किया गया है, उनमें पांच लश्कर-ए-तैयबा, चार जैश-ए-मुहम्मद, तीन हिजबुल मुजाहिदीन, चार दाऊद इब्राहिम के करीबी और दो इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी हैं। लश्कर के आतंकियों में साजिद मीर और यूसुफ मुजामिल मुंबई हमले का आरोपित है। वहीं हाफिज सईद का रिश्तेदार अब्दुर रहमान मक्की लश्कर के राजनीतिक और विदेशी मामलों का प्रमुख है। शाहिद महमूद लश्कर के मुखौटा संगठन फला-ए-इंसानियत का डिप्टी चीफ है। इसके अलावा 2002 में अक्षरधाम और 2005 में हैदराबाद में हमले के आरोपित फरहातुल्ला घोरी भी सूची में शामिल है। लश्कर के सरगना हाफिज सईद को पहले ही आतंकियों की सूची में शामिल किया जा चुका है।

1999 में कंधार विमान अपहरण करने वाले जैश के अब्दुल राउफ असगर, अथर इब्राहिम और यूसुफ अजहर को पहली बार आतंकी घोषित किया गया है। भारत में जैश आतंकियों को हमले के लिए भेजने वाले सैयद मुहम्मद यूसुफ शाह भी आतंकी सूची में है। जैश सरगना अजहर मसूद पहले से इस सूची में है। भारत में इंडियन मुजाहिदीन का गठन करने और बाद में पाकिस्तान भाग गए रियाज भटकल और इकबाल भटकल भी अब घोषित आतंकी होगा। दाऊद इब्राहिम को पहले ही आतंकी घोषित किया जा चुका था। अब उसके चार साथियों को इस सूची में शामिल किया गया है। दाऊद के छोटे भाई मुहम्मद अनीस शेख और करीबी छोटा शकील को भी आतंकी घोषित किया गया है। 1993 में मुंबई धमाके के आरोपित टाइगर मेमन और जावेद चिकना को भी नई सूची में रखा गया है। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकी घोषित किए जाने के बाद उनसे किसी तरह का संबंध और लेन-देन करने वाले व्यक्ति या संस्था पर यूएपीए के तहत शिकंजा कस सकता है। पहले यह शिकंजा सिर्फ आतंकी घोषित संगठनों के साथ संबंध रखने वाले व्यक्तियों पर ही कसता था।

## लखनऊ में 30 गुना तेज चलते मिले स्मार्ट मीटर, सलभर रिपोर्ट दबाए रहे अफसर, अब कार्रवाई का आदेश

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** बिजली की खपत मापने के लिए स्मार्ट मीटर की रीडिंग ही जंप नहीं करती बल्कि वह कई गुना तेज भी चलते मिले हैं। राजधानी लखनऊ में स्मार्ट मीटर 30 गुना तेज चलते पाए गए, लेकिन इसकी जांच रिपोर्ट को दबाए रखा गया। सालभर बाद पूरे प्रकरण का खुलासा होने पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने गंभीर रुख अपनाते हुए उच्च स्तरीय जांच कराने का फैसला किया है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा व पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष को पूरे मामले की 15 दिन में जांच करा दोषी अफसरों व कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



वैसे तो स्मार्ट मीटर के तेज चलने की आए दिन उपभोक्ता शिकायत करते रहते हैं लेकिन अब तक ऐसी कोई जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई कि स्मार्ट मीटर तेज चलता पाया गया हो। वर्ष 2018 में जब राजधानी के ठाकुरगंज, अपट्रान सहित कुछ क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगने शुरू हुए थे तब मीटर तेज चलने की शिकायत पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने मीटरों की जांच कराने का मामला नियामक आयोग में उठाया था। उस पर पिछले वर्ष मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने लेसा को कुछ उपभोक्ताओ के स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगाकर यह देखने के लिए कहा कि कहीं पुराने मीटर की अपेक्षा स्मार्ट मीटर तेज तो नहीं चल रहे।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि तब स्मार्ट मीटर 30 गुने तक तेज चलते पाए गए लेकिन उच्चाधिकारियों ने रिपोर्ट को रफादफा कर उपभोक्ताओं के मीटर ही बदल दिए। वर्मा ने मीटर तेज चलने की एक वर्ष बाद रिपोर्ट हाथ लगते ही सोमवार को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से शक्तिभवन मुख्यालय में मुलाकात की। तथ्यों के साथ मंत्री को रिपोर्ट सौंपते हुए परिषद अध्यक्ष ने प्रकरण की जांच करा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार को पत्र लिख उपभोक्ता हित में पूरे मामले की जांच, उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर कराने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने माना कि उपभोक्ताओं के यहां चेक मीटर लगाने के बाद कई गुना बढ़ी हुई यूनिट पकड़ में आने के बावजूद पूरे मामले को उच्च स्तर पर न भेजना और प्रकरण को दबाए रखना अत्यंत खेद जनक व अक्षम्य है। ऐसे में मंत्री ने जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व स्मार्ट मीटर कंपनी के खिलाफ 15 दिन में कठोर कार्रवाई कर रिपोर्ट भी तलब की है।

स्मार्ट मीटर की यूं बढ़ी रीडिंग : लेसा ने जब ठाकुरगंज के तीन उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगाया तो स्मार्ट मीटर कई गुना तेज चलते पाए गए। पहली बार 24 दिन के लिए चेक मीटर लगाने पर उपभोक्ता हसींन खां के स्मार्ट मीटर में 550 रीडिंग आयी, जबकि चेक मीटर में 67 यानी 483 यूनिट अधिक। इसी तरह दूसरे उपभोक्ता तारावती के स्मार्ट मीटर की 868 रीडिंग मिली लेकिन चेक मीटर में 29 यानी 839 यूनिट अधिक। तीसरे उपभोक्ता लाल बहादुर सिंह के स्मार्ट मीटर में 877 रीडिंग आयी और चेक मीटर में 59 यानी 818 यूनिट अधिक। दोबारा इन्हीं घरों में फिर चेक मीटर 4-5 दिन के लिए लगाए गए जिस पर उपभोक्ता हसीन खा के यहां 224 यूनिट, तारावती के यहां 419 यूनिट और लाल बहादुर के यहां 146 यूनिट फिर अधिक निकली। परिषद अध्यक्ष के मुताबिक इन स्मार्ट मीटर का भार भी जंप हुआ था।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### विचाराधीन कैदी की उपचार के दौरान मौत

**नैनी।** हत्या के जुर्म में बीते एक वर्ष से सजा काट रहे एक विचाराधीन कैदी की उपचार के दौरान सोमवार रात एसआरएन अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक सदर बाजार, न्यू कैंट निवासी राजेश कुमार नाथ (45) पुत्र म राजाराम नाथ बीते 2019 में हुई हत्या के आरोप में सात नवंबर 2019 को जेल भेजा गया था। तब से वह जेल में बंद चल रहा था। उसे ?हृदय संबंधी गंभीर बीमारी थी। उसका लगातार इलाज जारी था। बीते 24 सितंबर को उसे जेल अस्पताल से एसआरएन हास्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान 26 अक्तूबर की रात उसकी मौत हो गई। डिप्टी जेलर अभय शुक्ला ने बताया कि उसके घरवालों को सूचना दी गई है।

### भाजपा मंडल जसरा का दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी जसरा मंडल यमुनापार का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से प्रारंभ हो रहा है । जिसमें कार्यकताओं को आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए प्रशिक्षित किया जाएगा। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जसरा मंडल प्रयागराज का दो दिवसीय प्रशिक्षण रामखेलावन बालिका विद्यालय बोंगी इरादतगंज में 28 व 29 अक्टूबर को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। मंडल अध्यक्ष नंदेश्वर नाथ तिवारी ने पार्टी के वर्तमान पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी व सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है। उक्त आशय की जानकारी जसरा मंडल के महामंत्री नीरज केसरवानी ने दिया है।

### नवरात्र और दशहरा पर्व पर आपत्तिजनक टिप्पणी, मुकदमा

**प्रयागराज।** कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि युवक के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने, सामाजिक भाईचारा की भावनाओं को आघात पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। साइबर सेल की मदद से पता लगाया जा रहा है कि आरोपी रत्नेश यादव वर्तमान में कहां है। आईपी एड्रेस की मदद से पुलिस जांच कर रही है। इससे पूर्व भी कोतवाली पुलिस ने धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में एक छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# बदमाशों ने युवक को पत्थर से कूचकर हत्या करने का किया प्रयास, बात नहीं बनी तो डाल दी तेजाब

**प्रयागराज।** प्रयागराज में हत्या , चोरी की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं । प्रयागराज के बहरिया इलाके में बदमाशों ने एक युवक को ईट पत्थर से सिर कूच कर हत्या का प्रयास किया जब बदमाश हत्या करने में सफल नहीं हो सके तो युवक पर तेजाब डाल कर भाग निकले। सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही ह। जानकारी के अनुसार बहरिया थाना क्षेत्र के मनसैता नाले पर बने पुल के निकट युवक को पत्थर से कूचकर जान से मारने का प्रयास किया गया। इसके बाद उसे तेजाब से जलाया भी गया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को एसआरएन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है, जहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।


युवकी की हत्या के प्रयास के बाद रोते बिलखते परिजन

### पुलिस मामले की कर रही जांच

पुलिस अमित के परिवार के लोगों के साथ ही ग्रामीणों ने पूछताछ कर रही है। सूचना पर पुलिस के अधिकारी भी पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपितों की तलाश कर रही है। फिलहाल अभी यह नहीं पता चल सका है कि अमित की हत्या करने की किसने और क?यों कोशिश की। पुलिस इसका पता लगा रही है।

### गंभीर अवस्था में एसआरएन अस्पताल में कराया गया भर्ती

रात में बहरिया के मनसैता नाले पर बने पुल के निकट अमित पर जानलेवा हमला किया गया। बदमाशों ने उसे घेरकर ईंट-पत्थरों से मारकर अधमरा कर दिया। इसके बाद उस पर तेजाब भी फेंकने के बाद बदमाश फरार हो गए। सुबह अमित का शव मनसैता नाले के समीप ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और गंभीर अवस्था में अमित को शहर के स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## किशोर को घेर कर पीटा अपहरण की कोशिश

**नैनी।** सेंट्रल जेल के पीछे वाले गेट के समीप स्थित बरगद के पेड़ के नीचे से मंगलवार को सुबह एक लड़के को कुछ लड़कों ने घेरकर पीटाई कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने लड़के को अगवा करने का भी प्रयास किया, लेकिन लोगों के आ जाने की वजह से हमलावर बाइक छोड़कर फरार हो गए। अपहरण की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस बाइक को कोतवाली उठा ले गए।

बताया जाता है कि नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित प्रयागपुरम निवासी प्रशून शर्मा (16) पुत्र बृजेश शर्मा मंगलवार को जेल के पीछे वाले गेट के समीप स्थित बरगद के पेड़ के नीचे खड़े थे।तभी तीन चार लड़के वहां पर पहुंचे और उसे पीटना शुरू कर दिए। हमलावर लड़के पीटते हुए उसे गाड़ी में बैठाने का प्रयास कर रहे थे। शोर मचाने पर आस-पास के लोग जुटे तो हमलावर लड़के बाइक छोड़कर फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पढ़ने वाले लड़के हैं और आपस में किसी बात को लेकर मारपीट किए थे। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस ने 13 जुआड़ियों के साथ हजारों रूपए बरामद करते हुए की कार्रवाई

**मुखबिर की सूचना पर नवाबगंज के खंदरौली गांव से पुलिस ने जुआड़ियों को दबोचा**

**नवाबगंज।** मुखबिर की सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने जुएं की फड़ से 13 जुआड़ियों के साथ मौके से ताश के पत्ते एवं हजारों रूपए की नगदी बरामद किया है। पुलिस पकडे. गये जुआड़ियों पर कार्रवाई की है। जिससे इलाके में खलबली मची हुई है।

नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश कुमार सिंह के मुताबिक मंगलवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर एसआई दीपक कुमार सिंह, राकेष कुमार गौतम एवं एसआई अरूण कुमार पुलिस टीम में हेड़ कांस्टेबल निवासी यादव, कां0 अंकुर सिंह, अंबुज कुमार एवं कां0 रिंकू कुमार खंदरौली गांव स्थित प्राथकिम स्कूल में छापामारी कर जुआड़ियों में संतोष कुमार कौषल पुत्र हरिष्चंद्र निवासी नवाबगंज, पुष्पेंद्र सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी मुकुंदपुर होलागढ़, राजू सिंह पुत्र सिद्वपाल सिंह निवासी जयसावां थाना हथिगवां, प्रतापगढ़, देवी प्रसाद पुत्र कल्लू सरोज श्रृंगवेरपुर नवाबगंज, मुन्ना पटेल पुत्र रमाकांत महमदपुर नवाबगंज, दारा पुत्र राम आधार मंसूराबाद, ज्ञानचंद्र पुत्र बृज लाल दहियावां होलागढ़, अमृत लाल पुत्र कलेसर निवासी कल्याणगढ़ हथिगवां, हृदय नारायण पुत्र त्रिभुवन निवासी मेंडारा नवाबगंज, मुन्ना लाल पुत्र चैबे लाल निवासी बर्ना कल्याणगढ हथिगवां, संतोष कुमार पुत्र ओम प्रकाष निवासी देवरी थाना बाघराय, करम चंद्र पुत्र राम चंद्र निवासी फतेहपुर कायस्थान नवाबगंज एवं षेरू पुत्र सईद निवासी मंसूराबाद थाना नवाबगंज को पुलिस ने गिरफतार किया गया है। पुलिस ने पकड़े गये जुआड़ियों के पास से 20 हजार रूपए बरामद करते हुए जामातलाशी में 23 सौ रूपए बरामद करते हुए 25 अदद तास के पत्ते बरामद कर कार्रवाई ककी है। पुलिस द्वारा जुआड़ियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से खलबलीम मची रहीं।

## 3 बाइक चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**प्रयागराज।** मंगलवार को करेली पुलिस ने 3 बाइक चोर को धर दबोचा। इनके पास से चोरी की बाइक, गांजा और बम बरामद किए गए। तीनों से पूछताछ की जा रही है।करेली थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह को सूचना मिली कि कुछ बदमाश करामत की चौकी के पास से गुजरने वाले हैं। सूचना पाते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर तीन चोरों को पकड़ लिया। सभी को थाने लाकर पूछताछ की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार चोरों में मो. वसीम उर्फ नेपाली, मो. आदिल व मो. आमीर शामिल हैं। इनके पास से बरामद बाइक चोरी की है। तलाशी लेने पर एक किलो से अधिक गांजा, आठ बम बरामद किए गए हैं। तीनों शातिर चोर हैं और आए दिन कोई न कोई वारदात करते थे, तीनों क्षेत्र में ही किराए का कमरा लेकर रहते थे। वहीं, एक मामले में वांछित आरोपित शेखर कुशवाहा निवासी बेनीगंज को भी गिरफ्तार किया गया है।

# दबंगों ने बीएसएफ के जवान के बेटे को जमकर पीटा, महिला के साथ की अभद्रता

**नैनी।** अरैल के त्रिवेणी पुष्प के समीप स्थित शूलटंकेश्वर मंदिर के बगल में एक बीएसएफ जवान का परिवार घर बनाकर रहता है। बीएसएफ जवान के दोनों बेटे पढ़ाई करते हैं। बड़े बेटे का कहना है कि मंदिर और आस-पास नशेड़ियों को जमावड़ा सुबह से ही शुरू हो जाता है। भोर में ही मंदिर में लाउडस्पीकर लगाकर जोर-जोर से बजाया जाता है, जिससे उसे और उसके परिवार को दिक्कत होती है। 26 अक्तूबर को भी भोर में ही लाउडस्पीकर बजाया जा रहा था। जिसपर बीएसएफ जवान का बेटा मंदिर जाकर लाउडस्पीकर धीमा बजाने की गुजारिश की, लेकिन उसे वहां से डपट कर भगा दिया गया। शाम को साढ़े सात बजे के करीब वह मंदिर में हो रही आरती में शामिल होने गया तो वहां पर पहले से तैयार बैठे लोगों ने उस पर हमला कर दिया। उसके चीखने पर उसकी मां एवं छोटा भाई वहां दौड़कर पहुंचे और बीच बचाव का प्रयास किए तो हमलावरों ने उन्हें भी हाकी, डंडे एवं लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया। लड़के की मां का ब्लाउज फाड़ दिया और अश्लील हरकत की। विरोध करने पर जान से मारने का प्रयास किया। हंगामा होने पर जब लोग जुटे तो हमलावर भाग गए। बीएसएफ जवान के बेटे की तहरीर पर पुनीत सिंह, श्रेयांश सिंह, अमन मिश्रा, राजीव मिश्रा एवं गिरिराज पांडेय के खिलाफ पुलिस ने बलवा एवं छेड़खानी समेत विभिन्न धाराओं में नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की है।

## विवाहिता के गले से बदमाशों ने छीना जंजीर

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के महेवा पूर्व में मंगलवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक विवाहिता के गले से सोने की जंजीर छीनकर फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा पूर्व पट्टी स्थित बसंत बिहार कालोनी की रहने वाली उमा शुक्ला पत्नी हेमराज मंगलवार दोपहर बाद लगभग ढाई बजे बाजार से खरीदारी कर पैदल ही अपने घर की ओर जा रही थी। महेवा पूर्व पट्टी पहुंचने पर एक बाइक पर दो बदमाश पहुंचे और झपट्टा मारकर विवाहिता के गले से सोने की जंजीर छीन कर फरार हो गए। बता दें कि बीते एक हफ्ते के दौरान बदमाशों ने नैनी कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर चार महिलाओं के गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो चुके हैं।

# सेल्सटैक्स विभाग के अधिकारियों ने चलाया जांच अभियान


वाहनों की जांच करती विभाग की टीम

**शंकरगढ़।** मंगलवार को सेल टैक्स विभाग के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा नारीबारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों के कागजातों को चेक किया, जिससे वाहन मालिकों में हड़कंप मचा रहा।

उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश की सीमा चौकठा,भारत नगर, नारीबारी, गन्ने, जारी, आदि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सेल टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर युसूफ ने मंगलवार को अपने सिपाहियों संग भारी वाहनों के कागजात को चेक किया, जिससे वाहन चालकों व मालिकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। बताते चलें कि इस समय राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर अवैध रूप से फर्जी कागजात और नम्बर प्लेट लगाकर कुछ वाहन फरार्टे भर रहे हैं और शासन प्रशासन के कर को चूना लगाने का कार्य कर रहे हैं। जिसको लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ग्राम उत्थान सेवा मण्डक समिति ने वितरित किया प्रसाद

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में ग्राम उत्थान सेवा मण्डक समिति के तत्वाधान में शारदीय नौरात्री नौमी के शुभ अवसर पर शक्ति पीठ माँ शीतला धाम ग्रामपंचायत रामनगर के प्रांगण मे प्रसाद (हलुवा) वितरण किया गया। भक्तों में आपार हर्ष और उल्लास रहा। लोग हसि खुसी माता रानी का जयकार लगते हुए दर्शन प्राप्त किया और आशीर्वाद लिया। मेजा क्षेत्र के सभी गांवो और बाजारों में शारदीय नवरात्रि का पर्व बड़े धूम धाम से मनाया गया। हालांकि इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते गांवो मे मूर्ति स्थापित पंडालों को छोटा बनाया गया था। और माँ दुर्गा प्रतिमा को भी जिला प्रशासन की गाइड लाइन के तहत छः फिट तक बनाया गया। पंडालों में साज सज्जा लाइट डेकोरेशन भी कम देखने को मिला। प्रशाशन के नियमों का पालन करते हुए। आरती सेवा भजन के समय समाजिक दूरी का पालन समिति द्वारा कराया गया।कार्यक्रम मुख्य रूप से आयोजक मण्डल मोती लाल धनगर, भगवान दास प्रजापति, देवेश कुमार यादव, संजय केशरी, सोनू पाल, ठाकुर पंडा (पुजारी), उमा शंकर पंडा (पुजारी), ईश्वर चंद्र धनगर, रामपाल, राधरश्याम, राजेश पाल, नीरज पाल आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुस तमंचे के जोर पर आभूषण और नकदी समेत पांच लाख की लूट

**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात बदमाशों ने एक घर में उत्पात किया। छत के रास्ते घर में घुसे बदमाशों ने तमंचे के नोक पर गृहस्वामी को कवर कर लिया। इसके बाद हर कमरे में उसे ले गए और सामान लूट लिया। लूटे गए सामानों में नकदी समेत सोने और चांदी के आभूषण हैं, जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। सूचना मिली तो पुलिस भी पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद शीघ्र बदमाशों को पकड़ने की बात कहकर वापस लौट गई।

बहरिया के ग्राम पंचायत जुगनीडीह के मजरा गांव ईटिया का पूरा में गयासुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन रहते हैं। उनका दो घर है। एक कच्चा और दूसरा पक्का। कच्चे घर में वह अपनी पत्नी शाहजहां बानो के साथ रहते हैं जबकि पक्के घर में परिवार के अन्य लोग रहते हैं। सोमवार की रात में दंपती खाना खाकर सो गए।


सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करती हुई

रात करीब दो बजे उनके घर के पीछे स्थित खाली स्थान से छत से होते हुए कई बदमाश घर में घर में घुस गए।

आहट पाकर गयासुद्दीन की पत्नी शाहजहां बानो की नींद खुल गई। इसी दौरान बदमाशों ने शाहजहां बानो की कनपटी पर तमंचा सटा दिया। जब उसने चिल्लाने की कोशिश की तो जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाशों ने उन्हें चुप रहने को कहा। इसके बाद शाहजहां बानो को लेकर बदमाश घर के हर कमरे में गए। सोने-चांदी के जेवरात के अलावा 45 हजार नकदी लूटने के बाद धमकी देते हुए बदमाश फरार हो गए। बदमाशों के फरार होने के बाद शाहजहां बानो चीखने-चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर गयासुद्दीन समेत पड़ोसियों की नींद खुल गई। वहां पहुंचने पर लूट की उन्हें जानकारी हुई। सूचना पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी सिकंदरा शुभ नाथ साहनी फोर्स के साथ वहां पहुंचे। पुलिस ने गयास-द्दीन और उनकी पत्नी के साथ ही ग्रामीणों से पूछताछ कर बदमाशों की पहचान की कोशिश की। पुलिस बदमाशों का पता लगाने की कोशिश तो कर रही है फिलहाल वह पकड़ से दूर ही हैं।

गयासुद्दीन ने बताया कि उनके दो भाई सऊदी अरब में रहते हैं। इन दिनों एक भाई घर आया है। बताया कि बदमाशों ने शाहजहां बानो की कनपटी पर तमंचा सटाकर चुप रहने को कहा था। इससे वह चिल्ला भी नहीं सकी और उन्हें पता ही नहीं चला। उन्होंने बताया कि दो बहनों के गहने भी उनके घर में ही था। नकदी और आभूषण समेत करीब पांच लाख की लूट की बात उन्होंने बताई।


खजुरी गांव में भूमि विवाद का जायजा लेती तहसीलदार कोरांव

# पत्रकार के पुस्तैनी मकान पर बाधा डालने की तहसीलदार ने लिया स्थलीय जायजा

**कोरांव।** कोरांव के पत्रकार सुखलाल विश्वकर्मा के खजुरी स्थिति पुश्तैनी मकान पर ब्यवधान डालने वाले सरहंगों के खिलाफ तहसीलदार कोरांव अनिता शेखर ने मौके का जायजा लिया। और परेशान करने वालों को खरी खोटी सुनाई। तहसीलदार ने वहां की स्थिति कर अनुसार ग्रामीणों से भी जानकारी ली। और विश्वकर्मा पत्रकार के विपक्षी से जरूरी कागजात तलब किये। उन्होंने चकबंदी विभाग की कमी बताते हुए विभाग को पत्र ब्यवहार कर त्रुटि सुधार की बात कही। और अनावश्यक परेशान न करने की भी चेतावनी दी। बताते चलें कि विश्वकर्मा का मकान 50 साल पुराना है और जो परेशान कर रहा है बिहार से करीब दो साल से आकर बगल की जमीन खरीदी है और विश्वकर्मा का घर व जमीन कब्जा करना चाहता है।

## अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से बाइक सवार घायल

**बारा।** थाना शंकरगढ़ अन्तर्गत बसहरा बाजार के निकट अपने रिस्तेदारी में जा रहा एक बाइक सवार अचानक अनियंत्रित होते हुए सड़क पर जा गिरा जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया पीछे चल रहे साथियों द्वारा उसे सहायता प्रदान करते हुउ अस्पताल भेजा गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय कुमार पुत्र दीनानाथ निवासी त्योंथर अपने एक अन्य बाइक सवार साथी के साथ अपने रिस्तेदारी शंकरगढ़ की ओर जा रहा था जैसे ही वह बसहरा बाजार के नजदीक पहूँचता है वैसे ही अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर कुछ दूर जा गिरा पीछे चल रहे बाइक सवार साथी ने उसकी सहायता कर उसके इलाज हेतु उसे अस्पताल ले जाया गया फिल हाल इसकी कोई लिखपढ़ी नही की गयी है।

# किसान हित में हमेशा रहूंगा तत्पर : पवनेश उपाध्याय

**करछना।** मां कामाख्या संस्थान के भागवत शिरोमणि संत श्री संकर्षण शरण गुरु जी के श्री मुखारवृंद से बैदिक मंत्रोच्चार द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी राष्ट्रीय संरक्षक संजय सिंह जी के प्रस्ताव पर प्रदेश प्रभारी कार्तिकेय मिश्रा के समर्थन पर महान शिक्षाविद् कलमकार साहित्यकार पवनेश उपाध्याय जी को संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिसमें उपस्थित किसान प्रतिनिधियों द्वारा करतल ध्वनि से एक स्वर में सम्मान हुआ। जिसमें राष्ट्रीय इकाई की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं की। जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव के रूप मैं कार्तिकेय मिश्रा प्रयागराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह प्रयागराज, जगदीश प्रसाद यादव बिहार, राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी अजय पांडेय प्रतापगढ़, राष्ट्रीय सलाहकार


पवनेश उपाध्याय का माला पहनाकर स्वागत करते हुए

समिति के सदस्य अरूण चौरसिया प्रयागराज व विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में संकर्षण शरण गुरु जी, संजय सिंह जी, प्रोफेसर विद्याधर द्विवेदी जी सहित राष्ट्रीय इकाई का गठन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी संत जी ने समाजसेवी वरिष्ठ किसान अरूण श्रीवास्तव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया। और राष्ट्रीय अध्यक्ष को हृदय से बधाई दी। जिस बैठक में प्रदेश आई टी सेल प्रभारी प्रकाश मिश्रा अमीत द्विवेदी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। अन्त में धर्मेंद्र मिश्रा जिला अध्यक्ष प्रयागराज ने सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी को बधाई देते हुए कहाकि हमारा सौभाग्य है कि धार्मिक राजधानियों प्रयागराज में इस बैठक का अवसर मिला और सरल ब्यक्तित्व उपाध्याय जी ही इस नेतृत्व के योग्य है। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन उपाध्याय ने कहा कि मैं किसान हित में सदैव तत्पर रहूंगा एवं किसानों की हर लड़ाई को अपनी लाई समझूंगा साथ ही संगठन को आगे बढ़ाने का भी अपनी पूरी ऊर्जा ताकत से प्रयास करूंगा राष्ट्रीय संरक्षक संजय सिंह ने कहा कि एक दिन देश का सबसे बड़ा किसान संगठन के रूप में भरेगा एवं किसान हितैषी सिद्ध होगा।


डॉक्टर व आपरेशन टीम

### सीएचसी सोरॉव में कई सफल ऑपरेशन पर डॉक्टरों में खुशी की लहर

**सोरांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव में इन दिनों डॉक्टरों द्वारा कई सफल ऑपरेशन किया गया, जिसमें जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ होने की चचाएं ना केवल क्षेत्रीय लोगों में व्याप्त है बल्कि पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों व स्टाफ में भी खुशी का माहौल नजर आ रहा है। सफल ऑपरेशन पर अधीक्षक डॉ विजय पाठक व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश मौर्य ने ऑपरेशन टीम को बधाई देते हुए समस्त स्टाफ से अपील किया है कि क्षेत्रीय लोगों में सफल ऑपरेशन की बात लोगों तक पहुंचाएं जिससे गर्भवती स्त्रियां निजी अस्पतालों के लूट -खशोट का शिकार ना बन पाए। साथ ही सरकारी अस्पताल के प्रति लोगों का विश्वास जगाएं जिससे लोग निःशुल्क व्यवस्थाओं का लाभ पा सके। सफल ऑपरेशन पर अधीक्षक डॉ विजय पाठक ने सभी को बधाई दी है।

# पवनेश उपाध्याय भारतीय किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

**नैनी।** राष्ट्रीय संरक्षक संजय सिंह के प्रस्ताव पर प्रदेश प्रभारी कार्तिकेय मिश्रा के समर्थन पर पवनेश उपाध्याय को भारतीय किसान कल्याण संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय इकाई की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष करते हुए राष्ट्रीय महासचिव के कार्तिकेय मिश्रा प्रयागराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह प्रयागराज, जगदीश प्रसाद यादव बिहार, राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी अजय पांडेय प्रतापगढ़, राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य अरूण चौरसिया प्रयागराज व विशेष आमंत्रित सदस्य संजय सिंह, प्रोफेसर विद्याधर द्विवेदी सहित राष्ट्रीय इकाई का गठन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी



समाजसेवी वरिष्ठ किसान अरूण श्रीवास्तव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया और प्रदेश आईटी सेल प्रभारी प्रकाश मिश्रा, अमीत द्विवेदी सहित कई किसान मौजूद रहे। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन उपाध्याय ने कहा कि मैं किसान हित में सदैव तत्पर रहूंगा एवं किसानों की हर लड़ाई को अपनी लड़ाई समझूंगा।

# प्रयागराज हलचल



## ‘प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना’ के लाभार्थियों को मिला ऋण स्वीकृति पत्र

**मा0 प्रधानमंत्री जी के ‘प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना’ के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया सजीव प्रसारण**

**मा0 महापौर द्वारा 65 लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 10 हजार रुपए के हिसाब से ऋण स्वीकृति पत्र किया गया वितरित**



लाभार्थी को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित करतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता ‘नंदी’

**प्रयागराज।** मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मंगलवार को दिल्ली में आयोजित दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजीव प्रसारण हुआ, जिसमें मा0 प्रधानमंत्री जी के द्वारा आगरा की प्रीति, वाराणसी के अरविंद मौर्या एवं लखनऊ के विजय बहादुर से संवाद भी किया गया। मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आप सबको कार्य करते हुए देखकर मुझे खुशी हो रही है। एक छोटा व्यक्ति कितना बड़ा कार्य कर रहा है, यही हमारे देश की ताकत है। इस कार्य के लिए बैंक कर्मियों को बधायी देते हुए कहा कि आप लोगों ने पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ इस योजना से गरीबों को लाभान्वित कराने के लिए ऋण दिये। उन्होंने कहा कि इस योजना की शुरूआत से ही इस बात का ध्यान रखा गया कि कोई भी रेडी, पटरी, ठेले वाले परेशान न हो। मेहनत करके कमाई भी कर रहे है और साथ ही साथ लोन भी चुकता कर रहे है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कैसे गरीबो को कम से कम परेशानियों का सामना करना पड़े, सरकार लगातार उनको मजबूती प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब कल्याण योजना के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि कोई गरीब भूखा न रहे। उन्होंने कहा कि 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज में गरीब के हित को ध्यान में रखा गया व उसकी रोजी रोटी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी। उन्होंने कहा कि हमारे देश के सामान्य मानवीय ने यह सिद्ध कर दिखाया कि वे बड़ी से बड़ी चुनौतियों का भी डट कर सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम स्वानिधि योजना ने गरीब के श्रम को सहयोग प्रदान किया है, उन्हे सहारा दिया है। रेड़ी, पटरी, ठेले वाले इस योजना का लाभ उठाकर अपना काम शुरू कर पा रहे है और आत्मनिर्भर बन रहे है। इस योजना का शुभारम्भ 01 जून, 2020 किया गया था। उन्होंने कहा कि किसी योजना में इतनी गति देश पहली बार देख रहा है। गरीबों के लिए घोषणाएं इतनी प्रभावी तरीके से जमीन पर उतरेगी, इसकी कल्पना करना भी पूर्व में मुश्किल था। स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बिना गारंटी के किफायती लोन के लिए इस तरह की योजना आजादी के बाद पहली बार बनी है। उन्होंने कहा कि आज देश आप लोगो के साथ खड़ा हुआ है और आपके श्रम का सम्मान कर रहा है। आज देश सामाजिक ताने-बाने में, आत्मनिर्भर भारत में आपके योगदान को पहचान रहा है। कलेक्टेज्ट के कार्यक्रम में जिलाधिकारी-श्री भानु चन्द्र गोस्वामी, अपर नगर आयुक्त सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री को सुनते लोग

मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के बाद महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी के करकमलों द्वारा 65 लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी के हिसाब से 10-10 हजार रुपए का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम में मा0 पार्षदगण, श्रीमती रत्नप्रिया, अपर नगर आयुक्त-श्रीमती वर्तिका सिंह, परियोजना अधिकारी-पी0के0 मिश्र, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, समस्त जोनल अधिकारी आदि रहे।

## संक्षेप समाचार

### माफिया अतीक अहमद के 13 बैंकों के 11 अकाउंट में लगभग एक करोड़ रुपये सीज

**प्रयागराज।** आईएएस 207 गैंग के सरगना माफिया अतीक अहमद के 11 बैंक खातों को कैंट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज कर दिया है। कैंट इंस्पेक्टर नीरज वालिया ने बताया कि प्रयागराज समेत अन्य जिलों में खुले अतीक अहमद के सभी खातों में लगभग एक करोड रुपए थे, जिन्हें सीज कर दिया गया। अब इन रुपयों को वह नहीं निकाल सकता। इसके अलावा बैंकों से अतीक अहमद के नाम से अन्य बैंक खातों के बारे में भी पता करने के लिए पत्राचार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अतीक अहमद के बैंक खातों की पड़ताल की गई जिसमें कई खातों में लाखों रुपए जमा मिले थे। कुल 13 बैंक खातों में एक करोड़ रुपये जमा थे। दो बैंक खाता पहले से सीज था। 11 बैंक खाता को सीज करने के लिए डीएम से इजाजत दे दी थी। अतीक के बैंक खातों में खुल्दाबाद के बैंक ऑफ बड़ौदा में 623000 तो लूकरगंज इंडियन बैंक खाते में 57 लाख जमा था। बताया जा रहा है कि इस खाते में सांसद निधि से पैसा आता है। इसी तरह दिल्ली, लखनऊ और बलरामपुर में अन्य बैंक खाते हैं। कैंट इंस्पेक्टर नीरज वालिया ने बताया कि सभी बैंकों से अतीक के बैंक खातों को सीज करने के लिए रिपोर्ट भेजी गई थी। सोमवार शाम को बैंक की तरफ से सीज की रिपोर्ट आ गई। अतीक अहमद के खिलाफ अभी तक पुलिस ने सिर्फ प्रॉपर्टी और मकान को ही कुर्क किया था। पहली बार अतीक के बैंक खातों को सीज किया गया है। पुलिस अभी अतीक की लग्जरी गाड़ियों का भी पता लगा रही है। पुलिस उसे भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करेगी।

## पुलिस चौकियों में भी अब लगेंगे बिजली के मीटर

**प्रयागराज।** बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की नजर अब पुलिस चौकियों पर है। शहर के जिन पुलिस चौकियों में विद्युत कनेक्शन नहीं है अब बिजली विभाग उनको कनेक्शन देगी। साथ ही पैनी नजर रखेगी कि कहीं पुलिस चौकी में एयर कंडीशन तो नहीं चल रहा है ,क्योंकि विद्युत विभाग पुलिस चौकी में 1 किलो वाट का बिजली सप्लाई करेगी जिससे कूलर पंखा , बत्ती जल सके’ इसके लिए सभी उपखंड के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। क्षेत्र की जिन पुलिस चौकियों में कनेक्शन नहीं है वहां बिजली मीटर के साथ कनेक्शन दिया जाए ’ शहर के अलावा गंगापार और यमुनापार की पुलिस चौकियां भी शामिल हैं। बिजली विभाग की दिसंबर तक जिले में शत प्रतिशत विद्युतीकरण की योजना है। मीटर लगाने के बाद बिजली विभाग की टीम समय-समय पर इन पुलिस चौकियों का निरीक्षण भी करेगी कि कहीं इसमें एसी का प्रयोग तो नहीं हो रहा है। शहर के कई पुलिस चौकियों में लगी है एसी शहर की कई ऐसी पुलिस चौकियां हैं, जहां एयर कंडीशनर लगा है। जबकि अन्य में पंखे या कूलर से काम चलाया जाता है। जहां एसी लगी है, वहां जाड़े के मौसम में हीटर का भी उपयोग भी होता है। ऐसे में बिजली विभाग को राजस्व का घाटा उठाना पड़ता है। पुलिस थानों में तो मीटर लगे हैं। कई चौकियों में भी मीटर लगाए गए हैं, लेकिन जहां अभी तक मीटर नहीं लगे हैं, उसे चिह्नित कर जल्द ही मीटर लगाए जाएंगे।-ओपी यादव, मुख्य अभियंता।

## नगर निगम में महिलाओं के लिए बनी अलग हेल्प डेस्क

**प्रयागराज।** नगर निगम में भी महिलाओं की शिकायतें सुनने के लिए अलग हेल्प डेस्क बनाया गया है। यहां महिला शिकायकर्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। हेल्प डेस्क पर महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

नगर निगम परिसर में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला हेल्प डेस्क का मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने उद्घाटन किया। नगर निगम से ही जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के प्रति जागरूक किया गया। रैली नगर निगम परिसर से शुरू होकर नवाब यूसुफ रोड, महात्मा गांधी मार्ग होते हुए सिविल लाइंस चर्च होकर पुनः नगर निगम परिसर में समाप्त हुई। मेयर ने महिलाओं की जागरूकता के लिए शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, गरिमा और सशक्तिकरण को जनांदोलन बनाने की आवश्यकता है। मिशन शक्ति इसका आधार बनेगा। सशक्त स्त्री, समृद्ध समाज का आधार है। इस दौरान पार्षद नीलम यादव, सबीना यास्मीन सिद्दीकी, कुसुमलता, सरस्वती देवी, पूजा कक्कड़, सुनीता श्रीवास्तव, मीरा देवी, गोमती देवी, अलका श्रीवास्तव, निक्की कुमारी, रिंकी यादव, हीरामणि तिवारी, अपर नगर आयुक्त रत्नाप्रिया, पीओ डूडा वर्तिका सिंह, जोनल अधिकारी रविन्द्र, संजय ममगई, अरविंद त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के रेलकर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई



रेलकर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** भ्रष्टाचार, पक्षपात और भाई-भतीजावाद की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन जाता है। इसी क्रम में राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के 1.3 मिलियन कर्मचारियों के बीच नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सम्पूर्ण भारतीय रेल में इस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्क भारत, समृद्ध भारत के मुख्य संदेश के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनांक 27 अक्टूबर 2020 से 2 नवंबर 2020 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य केंद्र आंतरिक (हाउस कीपिंग) गतिविधियां है, जिन्हे एक अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा हैं। सिस्टम में सुधार लाने और ऑडिट के माध्यम से अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे पर जिन गतिविधियों को चिन्हित किया गया है उनमें रेल भूमि का प्रबंधन अर्थात भूमि का स्वामित्व, अतिक्रमण सम्बंधी मुद्दे आदि, रेलवे आवास के आवंटन एवं अन्य संबंधित मुद्दों में पारदर्शिता और आईटी का उपयोग; रेलवे में आउटसोर्स सेवाओं में काम करने वाले व्यक्तियों को उचित भुगतान और अन्य लाभों को लागू करना, संपत्ति, प्लांटों और मशीनरी आदि का निष्पक्ष और पारदर्शी प्रबंधन आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त नियमित निरीक्षण द्वारा निवारक सतर्कता उपायों, रेलकर्मियों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, रिकॉर्ड रखने की समयावधि की स्पष्ट परिभाषा, बेहतर पारदर्शिता और दक्षता के लिए आईटी का व्यापक उपयोग, रेलवे स्कूलों, अस्पतालों आदि के उचित प्रबंधन पर भी बल दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जेंडर संवेदनशीलता भी इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हिस्सा है इसके तहत कार्यस्थलों पर महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए मौजूदा समितियों और प्रणालियों की समीक्षा की जायेगी और आवश्यकतानुसार उनमें उचित सुधार किया जाएगा। कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का प्रयोग सदैव से महत्वपूर्ण रहा है। आईटी का निवारक सतर्कता उपकरण के रुप में उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाता है तथा रेल में प्रयुक्त आईटी आधारित सेवाओं का आडिट भी किया जाएगा।

मंगलवार को महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा उत्तर मध्य और उत्तर रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे श्री नवीन कुमार सिन्हा, सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, सभी मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक और उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उत्तर मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आगरा, प्रयागराज , झांसी मण्डलों और अन्य इकाइयों में भी इसी तरह के समारोह आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट पर सीवीसी की वेबसाइट www.cvc.gov.in का हाइपरलिंक भी उपलब्ध कराया गया है और उत्तर मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों को इसकी जानकारी एसएमएस के माध्यम भेजकर ई-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने अभियान के प्रत्येक दिन के लिए विशिष्ट जागरूकता संदेश तैयार किए हैं जो सभी कर्मचारियों को बल्क मैसेजिंग सेवा के माध्यम से भेजे जाएंगे।

उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट का प्रणालीगत सुधार के उपायों के प्रसार के लिये उपयोग, सतर्कता संबंधी मामलों की उदघोषणा / प्रदर्शन, प्रचार के लिये सभी मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते हुये सतर्कता सम्बंधी विषयों पर जागरुकता हेतु एक सप्ताह का अभियान चलाया जा रहा है। सतर्कता विभाग के अधिकारी मुख्यालय, उत्तर मध्य रेलवे के तीन मण्डलों और कार्यशालाओं में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन भी करेंगे। इन सेमिनारों के दौरान रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता से जुड़ी बातों पर जागरुक करने के लिए वार्ता, प्रस्तुतीकरण, केस स्टडी आदि प्रस्तुत किए जाएंगे और उन पर चर्चा की जाएगी।

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह’ का शुभारम्भ




महाप्रबंधक यशपाल सिंह अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए

**प्रयागराज।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 का उद्घाटन समारोह मंगलवार को केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के परिसर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक यशपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा श्री सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि देकर किया गया । इसके बाद संगठन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर अधिक से अधिक कर्मचारियो से जुडने हेतु वेब लिंक का भी प्रयोग किया गया। दिनांक 27.10.2020 से 02.11.2020 तक सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वाक प्रतियोगिताए निबंध प्रतियोगिताए क्विज प्रतियोगिता तथा सतर्कता जागरूकता पैदा करने की दृष्टि से सेमिनार जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष इस सप्ताह के दौरान किया जाता है।

## प्रयागराज के परिषदीय स्कूलों में होंगी ऑनलाइन प्रतियोगिताएं

**प्रयागराज।** 31 अक्टूबर को पूरा देश राष्ट्रीय एकता दिवस मनाएगा। इसी दिन सरदार बल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि भी है। इस उपलक्ष्य में शासन की तरफ से सभी परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थी ऑनलाइन क्विज में भी शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता की थीम ज्ञान, परंपरा, व्यवहार व भारत की विरासत होगा। छात्र 26 अक्टूबर से 10 नवंबर तक इसमें शामिल हो सकते हैं।

राज्य परियोजना कार्यालय की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं व बच्चों के बीच राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। क्विज में निर्धारित वेबसाइट पर जाकर क्लिक करना होगा। उसके बाद प्रतियोगिता संबंधी प्रश्न स्क्रीन पर दिखाई देंगे। वहीं उत्तर देने का भी विकल्प विद्यार्थियों को मिलेगा। जिन विद्यार्थियों के सभी उत्तर सही होंगे, उन्हें ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी को अपना नाम, कक्षा, आयु, विद्यालय का नाम, विद्यालय का पता, राज्य का नाम अंकित करना होगा, जहां का वह रहने वाला है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## आगामी पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**प्रयागराज।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर मंगलवार को पुलिस प्रशासन और पीस कमेटी की बैठक खुल्दाबाद स्थित एक होटल में संपन्न हुई। जिसमें एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह एडीएम सिटी कनौजिया जी नगर मजिस्ट्रेट रजनीश कुमार मिश्र सीओ प्रथम सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी खुल्दाबाद थाना के दिनेश कुमार सिंह करेली थाना के संजय सिंह कोतवाली इंचार्ज दीपेंद्र कुमार सिंह शाहगंज थाना के जयचंद वर्मा रसूलपुर गुलाब बाड़ी बलवंत यादव मीटिंग में शामिल हुए बैठक का मकसद त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराना है एसपी सिटी ने कहा पुलिस प्रशासन की जनता को कोई भी सहयोगकी जरूरत पड़ी तो पुलिस से उनकी मदद करेगी। पीस कमेटी के चांद मियां इकबाल अंसारी मोहम्मद मोइन पार्षद मोहम्मद आमिर मोहम्मद महबूब (डाबर) गुलाम रसूल अमित कुमार श्रीवास्तव साहब बहुत सारे लोग मीटिंग में उपस्थित थे अपनी राय और सुझाव रखे और प्रशासन का सहयोग करने के लिए कहा।

## शुआट्स में मनाया गया 110वाँ स्थापना दिवस

**प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में मंगलवार को 110वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। संस्थान के संस्थापक डा. सैम हिग्गिनबॉटम के योगदान को याद करते हुए इस अवसर पर, भारतीय डाक द्वारा जारी विशेष आवरण का विमोचन शुआट्स कुलपति प्रो (डॉ) राजेंद्र बी लाल और विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. सुधा लाल द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय ने संगम फिलिप क्लब को उनके विशेष प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। कोविड -19 महामारी के कारण छात्र और कर्मचारी वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संस्थापक दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, जबकि निदेशकगण और डीन ने सोशल डिस्टेन्सिंग व सुरक्षा के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

डॉ। सैम हिग्गिनबॉटम के महान योगदान पर प्रकाश डालते हुए, कुलपति प्रो (डॉ) राजेंद्र बी लाल ने कहा कि डॉ. सैम हिग्गिनबॉटम अमेरिका में एक अच्छा जीवन जी सकते थे, लेकिन उन्होंने शिक्षा में मिशनरी बनने के लिए भारत आने का फैसला किया। डा. लाल ने कहा कि वीजन का निर्माण नहीं किया जा सकता है। डा. सैम हिग्गिनबॉटम ने सुसमाचार द्वारा मानव जाति की सेवा करने के लिए परमेश्वर से एक महान वीजन प्राप्त किया और वर्ष 1910 में इस संस्थान की स्थापना की।




भारतीय डाक द्वारा जारी विशेष आवरण का विमोचन करते हुए

उसने बाइबल शब्दों को साझा करते हुए कहा कि अगर एक बीज जमीन पर गिरता है तो वह मात्र एक ही बीज रहता है, लेकिन अगर वह मर जाता है तो कई बीज पैदा करता है। डॉ. हिग्गिनबॉटम ने अपने जीवन को त्याग करने का फैसला किया, उन्होंने भारत के लोगों के लिए जीने का फैसला किया। उन्होंने खुद को कृषि और प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित करने का निर्णय लेकर इस ज्ञान को देश के किसानों तक पहुँचाया। डॉ. हिग्गिनबॉटम ने हर हफ्ते आसपास के गांवों का दौरा किया और इस देश की आवश्यकता का विश्लेषण किया और तकनीक के अंतराल को महसूस किया व गांवों की कृषि प्रणाली को सीखा। ज्ञान प्राप्त करने के बाद उन्होंने अमेरिका जाने और कृषि का अध्ययन करने का फैसला किया। कृषि की डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त वे फिर भारत आए और 1910 में इलाहाबाद स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर की स्थापना की।

डॉ. सैम हिग्गिनबॉटम को महाराजा सिंधिया ने कृषि विकास के लिए आमंत्रित किया था। लगभग 5000 एकड़ भूमि को उन्होंने महाराजा सिंधिया क्षेत्र में खेती के लायक बनाया। डॉ. हिग्गिनबॉटम ने महाराजा सिंधिया से सलाहकार के रूप में धन प्राप्त किया और इलाहाबाद कृषि संस्थान के खाते में जमा किया। डॉ. सैम हिग्गिनबॉटम ने भूखे को खाना व भूमि के सिद्धान्त के उद्देश्य तथा सुसमाचार के वीजन के साथ कार्य प्रारम्भ किया। प्रो. आर. बी लाल ने कहा कि वीजन कभी नहीं मरती। उन्होंने कहा कि जब नई पीढ़ी द्वारा विजन ग्रहण किया जाता है तो निश्चित तौर पर विकास देखने को मिलता है। कई दशकों के बाद डॉ. सैम हिग्गिनबॉटम के वीजन को हमारे द्वारा फिर से स्थापित और खोजा गया और परमेश्वर के आशीर्वाद से यह संस्थान डिग्री देने वाला विश्वविद्यालय बन गया।

प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो ए.के.ए. लॉरेंस ने डॉ सैम हिग्गिनबॉटम के योगदान को रेखंकित करते हुए कहाह कि डॉ. हिग्गिनबॉटम ने युवा ग्रामीणों को शिक्षित करने के लिए, बेहतर कृषि विधियों के साथ और उनकी व्यावहारिक समस्याओं को हल करने में स्थानीय किसानों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए इस इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट की स्थापना की। डॉ. सैम हिग्गिनबॉटम के प्रयासों से सरकार ने 1914 में इस संस्थान को मान्यता प्रदान की और रु 20,000 का वार्षिक अनुदान स्वीकृत किया। सन् 1932 में संस्थान को औपचारिक रूप से इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संबद्ध किया गया और बीएससी एग्रीकल्चर की डिग्री के लिए राज्य सरकार से मान्यता मिली। उनका दूसरा ऐतिहासिक कार्य 1943 में सफल हुआ जब संस्थान द्वारा कृषि इंजीनियरिंग की डिग्री एक भारतीय शैक्षणिक संस्थान द्वारा पेश किया गया, जो उस समय दक्षिण पूर्व एशिया में पहला और दुनिया में चैथे प्रयास था। डॉ. सैम हिग्गिनबॉटम एएआई को एक डिग्री देने वाली संस्था के रूप में देखना चाहते थे, जो वर्तमान कुलपति प्रो (डॉ) राजेंद्र बी लाल के गतिशील नेतृत्व के तहत पूरा हुआ।

निदेशक प्रसार प्रो (डॉ.) आरिफ ए ब्रॉडवे ने एएआई के पूर्व प्राचार्य डॉ. टी.बी. राव जो 1952 बैच से संस्थान के पूर्व छात्र हैं, उनके संदेश को साझा किया। अपने संदेश में डॉ. टी.बी. राव ने 110 वें संस्थापना दिवस कार्यक्रम के गवाह बने सभी संकाय सदस्यों व और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को बधाई दी।

इससे पहले कार्यक्रम में प्रार्थना का नेतृत्व डॉ. सैमुअल रिचमंड द्वारा किया गया था, जिसके बाद भक्ति गीत धन्यवाद तू प्रभु का कर गाया गया।

इस अवसर पर प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस.बी. लाल, कुलसचिव प्रो. रॉबिन एल. प्रसाद, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, निदेशक आईपीसी प्रो. जोनाथन ए. लाल, सीनियर पोस्ट मास्टर आशीष कुमार श्रीवास्तव, अपर निदेशक वित्त डॉ. अमित मसीह, निदेशक वित्त डा. आशीष नोएल, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) डा. सी.जे. वेसली, पीआरओ एवं मीडिया प्रभारी डॉ. रमाकांत दुबे आदि उपस्थित रहे।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### 21 लोगों के खिलाफ बलवा की रिपोर्ट

**प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में दो पक्ष में हुई मारपीट में पुलिस ने दोनों तरफ से 21 लोगों के खिलाफ बलवा व मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।पट्टी थाना क्षेत्र के गोठवा निवासी दयाशंकर व मनोज कुमार दुबे के परिजन सोमवार को जमीन के विवाद में कहासुनी करते हुए आपस में भिड़ गए थे। मारपीट में दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गए थे। पट्टी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराकर एक पक्ष के मनोज की तहरीर पर गौरीशंकर, शिवपूजन, दयाशंकर, जीतेंद्र शर्मा, सभाजीत अरविंद कुमार शर्मा, रवीशंकर, श्यामशंकर व कपिल देव तथा दूसरे पक्ष के दयाशंकर की तहरीर पर कमलेश दुबे, सुरेश कुमार, राहुल दुबे, सुनील कुमार, दिनेशचंद्र, मनोज कुमार, आशीष कुमार, पंकज पांडेय, अंबुज पांडेय, गिरजाशंकर, जयशंकर व उमाशंकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### कोरोना संकट निदान व जनकल्याण हेतु श्रीराम कथा का आयोजन

**प्रतापगढ़।** मानव कल्याण सेवा संस्थान परिवार के तत्वावधान मे कोरोना संकट निदान व जनकल्याण हेतु विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जो कि वर्ष के दिसंबर माह के 20 से 30 तारीख के बीच होगा इसी क्रम मे एक बैठक का आयोजन संस्थान प्रबंधक पं. श्याम शंकर पान्डेय के निवास रघवापुर मे सम्पन्न हुआ जिसमे सर्वसम्मति से यह निश्चय हुआ कि कथा व्यास पूज्य श्री गोविंद भाई जी महाराज बद्रीनाथ धाम होगे व कथा स्थल पूर्व वत संस्थान मुख्यालय रामपुर भेड़ियानी होगा। बैठक मे कथा आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से पदाधिकारियो का चयन किया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष के रुप मे पूर्व प्राचार्य शिवनारायण पान्डेय,संयोजक श्याम शंकर पान्डेय, संचालक कृष्णदेव शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश मिश्रा मदन, महामंत्री बृजेंद्रमणि त्रिपाठी चंचल, कोषाध्यक्ष सूबेदार राम लखन मिश्रा, संरक्षक पूर्व प्राचार्य रमाकांत तिवारी, संरक्षक शिवपूजन पान्डेय, उपाध्यक्ष रमेश पान्डेय एडवोकेट, उपाध्यक्ष सरसिज तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण चन्द्र तिवारी, मीडिया प्रभारी अनूप कुमार त्रिपाठी, संगठन मंत्री नितिन कुमार पांडेय, प्रचार मंत्री रमापति मिश्रा, कार्यक्रम मे मंत्री के रुप मे रावेन्द्र शुक्ला को जिम्मेदारी मिली । इस दौरान सतीश चंद्र पान्डेय, आशू शुक्ला, आशुतोष पान्डेय, सिद्धार्थ पान्डेय, अमित पान्डेय आदि लोग रहे ।

## जनपद में 1114 पटरी दुकानदारों को प्रदान किया गया ऋण

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना : प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना से आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगें पटरी दुकानदार :डीएम

**प्रतापगढ़।** एन0आई0सी0 के सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत मा0 प्रधानमंत्री जी का सजीव प्रसारण दिखाया गया जिसमें मा0 प्रधानमंत्री जी ने आगरा, वाराणसी, लखनऊ के रेहड़ी, ठेला व पटरी दुकानदारों से सीधा वर्चुअल संवाद किया। इस दौरान पटरी दुकानदार (रेहड़ी, ठेला, खोमचा) का मा0 प्रधानमंत्री जी से वर्चुअल संवाद होने पर वे अपने आपको ऊजार्वान व गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। संवाद के दौरान पटरी दुकानदारों ने बताया कि आज तक ऐसा कभी सपने में भी नही सोचा था कि देश के प्रधानमंत्री पटरी दुकानदारों से सीधा संवाद करेगें। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) शत्रोहन वैश्य, उपजिलाधिकारी सदर मोहन लाल गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा देखा गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अन्तर्गत आनलाइन आवेदन पत्र भरे जाते है और लाभार्थियों को 10 हजार रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत पटरी दुकानदार (रेहड़ी, ठेला, खोमचा) को लाभान्वित किया जाता है। इस धनराशि पर कोई भी जमानत की आवश्यकता नही होती। प्रदेश सरकार द्वारा स्टाम्प की ड्यिटी से भी इस योजना को मुक्त रखा गया है। प्रतिमाह ऋण की किस्त का नियमित भुगतान करने पर सरकार द्वारा 7 प्रतिशत की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत डिजिटल लेन-देन करने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 100 रुपए की धनराशि उनके खाते में उपलब्ध करायी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पटरी दुकानदार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के आनलाइन भरे गये आवेदन 2926 है और बैंकों द्वारा 1581 आवेदन स्वीकृत किये गये है जिनमें से बैंकों द्वारा 1114 लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ के 473, नगर पंचायत रानीगंज के 209, नगर पंचायत लालगंज के 96, नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज 11, नगर पंचायत अन्तू 27, नगर पंचायत पट्टी 57, नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी 34, नगर पंचायत मानिकपुर 84 व नगर पंचायत कुण्डा 123 लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा की शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्म निर्भर योजना निधि के तहत पटरी दुकानदार (रेहड़ी, ठेला, खोमचा) को अपना खुद का काम नये सिरे से शुरू करने के लिये इस योजना शुरूआत जून 2020 से की गयी जिससे की कोई भी पटरी दुकानदार अपना छोटा-मोटा व्यापार चलाना चाहता है वह स्वनिधि योजना का लाभ ले सकता है और अपने परिवार में खुशहाली ला सकता है। उन्होने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पटरी दुकानदार आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगें तथा इस योजना के जरिये पटरी दुकानदारों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार अवश्य होगा। इसी प्रकार पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं नगर पंचायतों में भी पटरी दुकानदारों को भी मा0 प्रधानमंत्री जी के सजीव प्रसारण का कार्यक्रम दिखाया गया। नगर पालिका परिषद बेल्हा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार नगर पंचायतों में पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

### ईमानदारी से स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन से लाभार्थियों को मिलेगी आत्मनिर्भरता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीएम स्टीम बेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर मे लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वनिधि लाभार्थियों के साथ लाइव परिचर्चा को देखने सुनने के लिए सभासदों तथा नगर के व्यापारियों व लाभार्थी महिलाओं मे उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि एसडीएम राम नारायण व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से स्वनिधि से लाभान्वित लाभार्थी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। चेयरपर्सन अनीता ने लाभार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम शक्ति तथा इच्छाशक्ति व ईमानदारी से स्वनिधि योजना का




लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करती चेयरपर्सन अनीता व एसडीएम राम नारायण

लाभ आत्मनिर्भरता को सफलता प्रदान कर सकेगा। एसडीएम राम नारायण ने प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना को छोटे-छोटे उद्यमियों के लिए रोजगार के क्षेत्र मे वरदान ठहराया। स्वनिधि को पारदर्शिता के साथ संचालित कर गरीबी उन्मूलन तथा बेरोजगारी को हटाने मे हमें जागरूक भूमिका का निर्वहन करना होगा। कार्यक्रम के संयोजक अधिशाषी अधिकारी सुभाषचंद्र सिंह ने स्वनिधि रोजगार को लेकर बैंको द्वारा ऋण अवमुक्त किये जाने की विस्तार से जानकारी प्रदान की। ईओ सुभाषचंद्र ने बताया कि इस योजना के तहत लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों को नगर पंचायत की ओर से निशुल्क पंजीकृत किये जाने का प्राविधान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन विधिक सलाहकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल, रमेश कौशल, अनिल पाण्डेय, दिवाकर दुबे, बृजेन्द्र पाण्डेय, मो. मुकीम, संजय सिंह, सोनू शुक्ला, विमलेश नारायण तिवारी, संदीप गौतम, पप्पू जायसवाल, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, मुन्ना शुक्ला, रिंकू मिश्र, विकास तिवारी, शिवम पाण्डेय, सुनीता, सावित्री, संगीता, रेशमा बानो आदि रहे।

## दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष दर्जनों लहूलुहान

### खूनी संघर्ष की चिंगारी अभी शांत हुई नहीं जो किसी बड़ी घटना की तरफ कर रही इशारा

**कौशाम्बी।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के एक गांव में किसी बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए हैं जिसमें दोनों तरफ से लाठी - डंडा, लोहे का रॉड तथा धारदार हथियार जमकर चले हैं। इस खूनी संघर्ष में दोनों तरफ से दर्जनों लोग गंभीर घायल हो गए हैं जिनका इलाज एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। खूनी संघर्ष इतना भयावाह था कि बीच बचाव करने गए लोगों को भी गंभीर चोटें आई है। खूनी संघर्ष में किसी का सिर फूटा तो किसी के हाथ की उंगली टूटी। जानकारी होने पर क्षेत्रीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर कई लोगों को हिरासत में लेकर घायलों को इलाज के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के जनका गांव में पटेल बिरादरी के लोगों ने नवरात्र में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित कर रखी थी जिसमें छोटे छोटे बच्चों का कार्यक्रम हो रहा था जिसे देखने के लिए दुर्गा पूजा पंडाल में आकाश पासी पुत्र सजेंद्र जा पहुंचा दलित बिरादरी होने के नाते आकाश पासी को देखकर पटेल बिरादरी



हमले में घायल लोगों का हो रहा इलाज का दृश्य

के कुछ दबंग लोगों को नागवार गुजरी और जाति सूचक गालियां देते हुए आकाश पासी का दुर्गा पूजा पंडाल से विरोध किया।गांव के सम्मानित लोगों ने मामले को शांत कराया लेकिन दोनों पक्ष से अंदर ही अंदर विरोध की चिंगारी सुलग रही थी मूर्ति विसर्जन हो जाने के पश्चात दोनों समुदाय एक बार फिर से आमने सामने खड़े हो गए जिसमें लगभग एक घंटा जमकर लाठी डंडे एवं धारदार हथियार चले खूनी संघर्ष में दोनों पक्ष से दर्जनों लोग गंभीर घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर पुरामुफ्ती पुलिस पहुंचकर मामले को शांत कराया घायलों को इलाज के लिए भेजकर लिखित तहरीर पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है, लेकिन खूनी संघर्ष की चिंगारी अभी शांत हुई नहीं जो किसी बड़ी घटना में तब्दील होने की तरफ इशारा कर रही है।

### कुल्हाड़ी से प्रहार कर तीन लोगों को किया लहूलुहान

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बाभन पुरवा गांव में तीन लोगों पर प्राणघातक हमला कर लहूलुहान कर दिया गया है घटना को 20 घंटे से अधिक बीत चुके हैं लेकिन घटना की जानकारी से कोतवाल बार-बार इंकार कर रहे हैं घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवा अंतर्गत ऊनो ग्राम सभा के मजरा बाभनपुरवा में सोमवार की रात में गांव के ही बड़कू पुत्र शंकर ने राम भजन पुत्र पंचम पासी छेददु की पत्नी और शंभू पर कुल्हाड़ी से वार कर तीनों को घायल कर दिया है घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को घायलों ने दे दी है। खबर लिखे जाने तक प्राणघातक हमले का मुकदमा मंझनपुर कोतवाली में नहीं दर्ज हुआ है। कोतवाल से बात की गई तो उन्होंने तीन लोगों पर प्राणघातक हमले की घटना से ही अनभिज्ञता जाहिर की है।

## ट्रक ने बाइक सवार को कुचला मौके पर हुई दर्दनाक मौत

### सैनी चौराहे पर तेज गति ट्रक चालक ने सड़क पार कर रहे बाइक में जबरदस्त टक्कर मारी

**कड़ा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी चौराहे के पास सड़क पार कर रहे बाइक सवार को तेज गति ट्रक ने रौंद दिया है इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है सूचना मिलने पर मौके पर सैनी पुलिस पहुंची है और मृतक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक फतेहपुर जनपद का निवासी बताया जा रहा है और सैनी कोतवाली क्षेत्र के सयारा गांव में बहन के यहाँ आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था।

जानकारी के मुताबिक अहमद अली उम्र लागभग 45 वर्ष पुत्र वहीद उल्लाह निवासी शाहपुर जिला फतेहपुर सैनी कोतवाली क्षेत्र में अपनी



दुर्घटना के बाद मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

बहन के यहां सयारा गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे थे जैसे ही वह सैनी चौराहे क्रॉसिंग को पार करने लगे इलाहाबाद की ओर से आ रही तेजगति ट्रक ने उन्हें चौराहे पर रौंद दिया जिससे मौके पर ही तड़पकर कर उनकी दर्दनाक मौत हो गई सड़क हादसे की जानकारी मिलते हैं मौके पर सैनी पुलिस पहुंची और मृतक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद भाग रहे ट्रक को भी पुलिस ने पकड़ लिया है हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में और बहन के घर में आयोजित कार्यक्रम में कोहराम मच गया है।

## महिलाओं को मिलेगा सम्मान एवं सुरक्षा : उपजिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं महिला सुरक्षा व सम्मान को लेकर सोमवार की तहसील परिसर मे महिला हेल्प डेस्क का लोकार्पण नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्र ने फीता काटकर किया। उप जिलाधिकारी लालगंज राम नारायण यादव ने कहा कि महिला समस्याओं को लेकर शासन के निर्देश पर सभी तहसील मे महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है जिसके माध्यम से महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण मे सहायता मिलेगी। नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्र ने कहा कि शासन की मंशा है कि महिला से संबंधित समस्याओं को प्रशासन गंभीरता से ले और शीघ्रता के साथ उनकी समस्या का निराकरण कराया जायेगा। महिला



कोतवाली में महिला हेल्प डेसक लोकापर्ण अवसर पर बैठे अधिकारी

हेल्प डेस्क की मानिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जायेगी। इस अवसर पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, उपाध्यक्ष विनय शुक्ला, विकास मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, भीम तिवारी, विकास त्रिपाठी, महेश पटेल, विपिन शुक्ला, सिन्टू मिश्रा, संदीप सिंह, अमीन संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

### विशाल भंडारे का आयोजन

**सगरासुन्दरपुर, प्रतापगढ़।** माँ दुर्गा देवी धाम नौबस्ता में नवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से विगत आठ वर्षों से अनवरत द्वादशी के दिन महाप्रसाद का वितरण होता है । जिसमे गांव के लोगों के साथ ही साथ अन्य लोगों का भी सहयोग प्राप्त होता रहा है। माँ दुर्गे की कृपा से यह भंडारा दिनों - दिन विशाल रूप लेता जा रहा है। समस्त ग्रामवासी पूरी एकजुटता और लगन से दिन - रात मेहनत करके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहते हैं। भंडारे में उक्त सहयोगी मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश गौड़,पूर्व बी.डी.सी विपिन पांडेय ,युवा समाज सेवी पवन वर्मा, अमर वर्मा, रामसरन वर्मा,रमेश गौड़,राजकमल वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, संदीप गौड़, सुनील, उमेश, शोभनाथ, संकठा प्रसाद, राजकुमार, अजय वर्मा, जसवंत वर्मा, श्यामू शुक्ला, विकास पाण्डेय आदि लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग इस भण्डारे में रहता है।

## हनुमान व लव–कुश पैदल पहुंचेंगे भरत मिलाप स्थल

**प्रतापगढ़।** कोरोना संक्रमण की दहशत के बीच बुधवार सुबह भगवान श्रीराम व भरत के मिलन का अद्भुत नजारा चैक घंटाघर पर दिखेगा। इसके लिए ठठेरी बाजार से हनुमान और रेलवे स्टेशन रोड से लव-कुश पैदल चलकर चैक पहुंचेंगे। भगवान श्रीराम गोपाल मंदिर व भरत श्यामबिहारी गली से रथ पर सवार होकर निकलेंगे। बेल्हा के ऐतिहासिक भरत मिलाप में यह पहला मौका है, जब लोग चैकियों और विद्युत सजावट का नजारा नहीं देख सकेंगे। परम्परा निर्वहन के लिए श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारियों ने संक्षिप्त रूप से भरत मिलाप सम्पन्न कराने की तैयारी की है। इसके लिए बुधवार को सुबह करीब साढ़े पांच बजे राम दल, भरत दल, हनुमान दल व लव-कुश दल अपने निर्धारित स्थान से निकलेंगे और रामदल को छोड़कर सभी दल सीधे चैक घंटाघर पहुंच जाएंगे। गोपाल मंदिर से निकलने वाला रामदल पहले जेल रोड स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर जाएगा, जहां भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता के



ऐतिहासिक घंटाघर जहां होता है भरत मिलाप

साथ पूजन करेंगे। इसके बाद उनका रथ भी सीधे चैक घंटाघर पहुंचेगा और वहीं राम व भरत का मिलाप होगा। इसके लिए चैक घंटाघर की रंगाई-पुताई के अलावा आसपास की सड़क भी साफ करा दी गई है।लोगों से घर पर रहने की अपील रू भरत मिलाप में भीड़ न उमड़े, इसके लिए श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारियों की ओर से मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक अपील जारी की गई है। उसमें निवेदन किया गया है कि संक्रमण के फैलाव के मद्देनजर लोग भरत मिलाप देखने के लिए चैक पर जमा होने से बचें। अधिक भीड़ होने से संक्रमण का फैलाव बढ़ सकता है।एक डीजे व एक बैंड से सम्पन्न होगा भरत मिलाप रू इस बार भरत मिलाप सिर्फ एक बैंड व एक डीजे से सम्पन्न कराया जाएगा। अन्य वर्षों में डीजे व बैंड की कोई गिनती ही नहीं हो पाती थी। श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि एक डीजे व एक बैंड को परम्परा बनाए रखने के लिए बुलाया गया है।



जनसंपर्क करते युवराज भुवन्यु सिंह

### युवराज भुवन्यू सिंह का जनसम्पर्क जारी

**प्रतापगढ़।** कालाकांकर के युवराज भुवन्यू सिंह की सक्रियता रामपुरखास में लगातार बनी हुई है। क्षेत्र मे प्रतिदिन छोटे बड़े हर प्रयोजन में शामिल हो लोगों के सुख दुख मे हो रहे हैं शामिल । क्षेत्र के भोजपुर में संजय पाण्डेय के यहां आयोजित भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे उसके पश्चात रघुराज सिंह, मुन्ना सिंह वीरशाहपुर के यहां पहुंचकर मुलाकात किया। इसके पूर्व पार्टी के कार्यक्रम में सांगीपुर में शामिल होकर पार्टी कार्यकर्ताओ से मिलकर उनका हाल चाल जानने के साथ पार्टी विस्तार एंव पार्टी के उद्देश्यों पर विचार विमर्श किया ।

### बाजार मे हवाई फायरिंग से अफरातफरी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के भगौतीगंज बाजार मे सोमवार की देर रात अज्ञात युवक द्वारा फायरिंग किये जाने से अफरातफरी मच गई। फायरिंग की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस भी आननफानन मे मौके पर पहुंची। बाजार के सूत्रों के मुताबिक ढ़िगवस के भगौतीगंज बाजार मे दशहरे का मेला लगा हुआ था। इस बीच देर रात एक युवक से कुछ लोगों के बीच कहासुनी हो गयी। कहासुनी के बीच युवक ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इससे बाजार मे अफरातफरी व भगदड़ का माहौल बन गया। बाजार मे तैनात पुलिसकर्मी भी आननफानन मे पहुंचे किन्तु तब तक माहौल शांत हो गया था। घटना को लेकर बाजार के लोग पुलिस के सामने कुछ भी कहने को तैयार नही थे। हालांकि पुलिस प्रयास के बावजूद फायरिंग करने वाले युवक का पता नही चल सका। घटना को लेकर पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की। वहीं घटना के बाबत मंगलवार तक पुलिस को कोई तहरीर भी नही मिल सकी है।

## शिव धनुष के टूटते ही परशुराम हुए क्रोधित

**प्रतापगढ़।** आदर्श रामलीला समिति सरांय आना देव में मंचित रामलीला के तीसरे दिन सीता जी द्वारा भगवान शिव के धनुष को उठाकर रखने के पश्चात राजा जनक द्वारा उस धनुष को उठाने वाले के साथ ही सीता के विवाह का प्रण करने और सीता स्वयंवर के रोमांचकारी दृश्य का कलाकारों के माध्यम से बेहतरीन मंचन किया गया।भगवान श्री राम के हांथो धनुष टूटने के बाद परशुराम के क्रोध और लक्ष्मण का कटाक्ष दर्शकों को रोमांचित कर रहा था।उसके पश्चात विवाह और भगवान श्री राम के राजतिलक के आयोजन तक रामलीला के मोहक दृश्यों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रामलीला के मंचन के दौरान समिति द्वारा कोविड -19 के नियमों के पालन हेतु गठित टीम द्वारा सेनेटाइजर, मास्क और सोशल डिस्टेंस में रहने की व्यवस्था आने



रामलीला का मंचन

वाले दर्शकों को दी जाती है। रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रधान सराय आना देव ने बताया कि महामारी के बीच भगवान श्री राम की लीला को करना बहुत ही कठिन कार्य है परंतु श्री राम की कृपा से 73 वर्षो से जो परम्परा चली आ रही है सरकार ने अनुमति देकर उसे निर्विघ्न रूप से शुरू करने के मार्ग को प्रशस्त कर दिया।

### अनवरत 20 सालों से चल रही रामलीला का हुआ शुभारम्भ

**प्रतापगढ़।** अवध रामलीला समीति चमरुपुर शुक्लान कि रामलीला अनवरत 20 साल से चलती आ रही है जिसका शुभारम्भ 21वे साल में भी हुआ रामलीला के प्रथम दिवस कि शुरूआत परंपरा अनुसार भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वामी नाथ शुक्ला जी के प्रतिनिधि भाजपा मण्डल अध्यक्ष जय भगवान पान्डेय ने भगवान शंकर व माता पार्वती जी की आरती की उसके पश्चात समिति के संरक्षक स्व. विनोद कुमार ओझा के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर रामलीला कि शुरूआत की ।रामलीला के प्रथम दिवस मे शिव - पार्वती संवाद, नारद द्वारा समाधि लगाना इंद्र दरबार इंद्र का घबराना, अप्सराओं द्वारा तप खंडित करना, कामदेव द्वारा नारद कि तपस्या भंग करना, क्षमा मांगना, शिवलोक पर नारद का आगमन - प्रस्थान ,शिव गणों को भेजना, ब्रम्ह्ललोक पर नारद का आगमन प्रस्थान, विष्णु लोक पर नारद का आगमन - प्रस्थान ,योग माया द्वारा राज्य निर्माण, नारद द्वारा मृत्युलोक भ्रमण, पुरवासियों द्वारा शीलनिधि के महल जाना, शीलनिधि दरबार पर नारद जी व पुरवासियों का आना, नारद जी द्वारा स्वयंबर की सलाह देना, नारद द्वारा विष्णु प्रार्थना प्रकट होना, वर देना, विश्वमोहिनी स्वयंबर राजाओं का आगमन, नारद का कपिरुप मे आगमन, विष्णु का आगमन, विश्वमोहिनी द्वारा विष्णु को जयमाला डालना, शिवगणो द्वारा नारद का रुप बताना, विष्णु का मिलना, नारद द्वारा श्राप देना, मनु सतरुपा तप, आकाशवाणी होना, विष्णु का प्रकट होकर वर देना, रावण कुम्भकण व विभीषण की तपस्या ब्रह्म का प्रकट होकर वर देना, राक्षसों का अत्याचार, ऋषियों को सताना, इंद्र दरवार समस्त देवताओं का भयभीत होना, मेघनाद का आगमन, युद्ध होना, सभी देवताओं को बंदी बनाकर रावण दरवार ले जाना, रावण द्वारा कैलाश मानसरोवर का अहंकार करना, शिवकोप चद्रहाश प्राप्ति, रावण दरवार मे सैनिकों का प्रवेष करके सभी देवताओं को पेश करना, नारद शिव ब्रह्म व पृथ्वी ऋषियों का संवाद, सबके द्वारा विष्णु कि प्रार्थना करना, आकाशवाणी होना आदि दृश्य अनुभवी कलाकारों द्वारा दिखाये गये ।